<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–12.10.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. **घाटशिला उपचुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा बैठक में सभी बूथों को मॉडल बूथ बनाने के दिए निर्देश, चाईबासा के मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।**
2. **दुमका जिले की "दीदी की दुकान" और "संपूर्ण शिक्षा कवच" पहल को नीति आयोग ने "यूज केस चैलेंज अवार्ड" से किया सम्मानित।**
3. **राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन में हजारीबाग मेगालिथ और मैकलुस्कीगंज पर होगी विशेष चर्चा, पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा– हजारीबाग का 3000 वर्ष पुराना मेगालिथ जल्द किया जाएगा विकसित।**
4. **कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा– 2014 के बाद सूचना का अधिकार हुआ कमजोर, रांची में आज आरटीआई के उद्देश्यों को मजबूत करने और आयोग में रिक्त पदों पर नियुक्ति की रखी गई मांग।**
5. **मौसम विभाग ने अगले पांच– छह दिनों तक राज्य में मौसम साफ रहने का जताया पूर्वानुमान, दक्षिण–पश्चिम मानसून के जल्द विदा होने की जताई संभावना।**
6.

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज घाटशिला विधानसभा उप चुनाव की समीक्षा बैठक में कहा कि सभी बूथ मॉडल बूथ के रूप में कार्य करेंगे और मतदाताओं के लिए बिजली, पानी, रैंप जैसी एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्वाचन कार्य में जीरो एरर सुनिश्चित करने, पदाधिकारियों को दिशा निर्देशों के अनुसार प्रशिक्षित करने और सोशल मीडिया पर आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने पर जोर दिया। साथ ही दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए घर से मतदान की व्यवस्था, वाहन और व्हीलचेयर जैसी सुविधाओं की तैयारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चाईबासा के मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की ।

****

दुमका जिले को महिला सशक्तिकरण और शिक्षा सुधार के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान मिली है। जिला प्रशासन की अभिनव पहलें "दीदी की दुकान" और "संपूर्ण शिक्षा कवच" को नीति आयोग द्वारा "प्रेस्टीजियस यूज केस चैलेंज अवार्ड" से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा को प्रदान किया गया। उपायुक्त ने इस उपलब्धि को दुमका जिले के हर एक व्यक्ति की उपलब्धि बताया है।

****

15 और 16 अक्टूबर को उदयपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन में झारखंड के दो प्रमुख पर्यटक स्थल– **हजारीबाग का मेगालिथ और मैकलुस्कीगंज**– पर चर्चा होगी। इस सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत करेंगे, और राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि

हजारीबाग का 3000 साल पुराना मेगालिथ देश का अनोखा धरोहर स्थल है, जिसे शीघ्र विकसित किया जाएगा।

****

गिरिडीह में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने जिला प्रशासन और छठ पूजा समिति के साथ सर्किट हाउस में मैराथन बैठक की। उन्होंने पूजा से जुड़ी सफाई, सड़क और बिजली जैसी समस्याओं को समय पर दूर करने का निर्देश दिया। मंत्री ने बताया कि छठ व्रतियों को कोई परेशानी नहीं होगी और नगर निगम पूरी तैयारी करेगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा पिछले महीने की 22 तारीख़ को की थी। इसका लाभ पूरे देश को मिल रहा है।

****

कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा आज रांची पहुंचे और एक कार्यक्रम में शिरकत की। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन के दल मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं और सीट शेयरिंग को लेकर कोई विवाद नहीं है।

****

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो ने कहा कि 2014 के बाद सूचना का अधिकार कमजोर हुआ है, जिससे पारदर्शिता और लोकतांत्रिक ढांचे पर असर पड़ा। आज रांची में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा 2019 में किए गए संशोधनों और 2023 के डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम को आलोचना करते हुए कहा कि इससे जनता की जानकारी तक पहुंच सीमित हुई है। कांग्रेस ने आरटीआई के उद्देश्यों को मजबूत करने, आयोग में रिक्त पदों पर नियुक्ति और विहस्ल ब्लोअर प्रोटेक्शन अधिनियम लागू करने की मांग की।

****

लातेहार जिले में स्थित पलामू टाइगर रिजर्व में बसे गांव के शिकारियों ने वन प्राणियों का शिकार न करने और जंगल बचाने का संकल्प लिया है।

****

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले पांच–छह दिनों तक राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम साफ रहने की संभावना है और न्यूनतम तापमान में कमी आ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिणी–पश्चिमी मानसून जल्द विदा होगा। रांची और आसपास के इलाकों में रात की ठंड बढ़ी है, जबकि दिन में धूप में तल्खी महसूस हो रही है।

********समाप्त*********